

## एक नजर में

### जैविक हाट बाजार से धरती की रासायनिक खाद से क्षीण हुई उत्पादक ऊर्जा पुन: लौटेगी

**मंदसौर।** नगर में 21 दिसम्बर रविवार से प्रत्येक रविवार को प्रात: 11 से अपरान्ह 4 बजे तक महाराणा प्रताप बस स्टेण्ड स्थित अभिव्यक्ति स्थल पर जिला प्रशासन और कृषि विभाग के संयुक्त प्रयास से जैविक हाट बाजार का श्री गणेश (शुभारंभ) आमजन के रासायनिक खाद उत्पादक से खराब हो रहे स्वास्थ्य से जहां बढ़िया स्वास्थ्य लाभ होगा वहीं किसानों के हित में जहां बहुत सराहनीय नवाचार है वहीं इससे रासायनिक खाद यूरिया आदि से धरती माता की नष्ट होती जा रही उर्वरक शक्ति बढ़ेगी। सामाजिक कार्यकर्ता बंशीलाल टांक ने बताया कि जैविक हाट बाजार से एक ही स्थान पर नगरवासियों को केवल 1-2 घण्टे के लिये नहीं बल्कि दिन भर दिनचर्या में प्रयुक्त शुद्ध केवल जैविक सब्जियां फल ही नहीं अन्य खाद्य सामग्री गेहूं, दाले, शुद्ध घी आदि मिलने की सुविधा एक ही स्थान पर नगरवासी व अन्य अपनी सुविधानुसार जाकर खरीद सकते है। बस इतना ध्यान देने की आवश्यकता है कि अपेक्षित उत्पाद प्रचुर मात्रा में उपलब्ध होता रहे साथ ही कोई भी उत्पाद रासायनिक खाद से उत्पादित नहीं होना चाहिए और रविवारीय यह हाट बाजार प्रत्येक मौसम में नियमित जारी रहना चाहिए यह बंद नहीं होना चाहिये।

### ग्राम पंचायत ईशाकपुर एवं मुण्डला के पांच किमी की परिधी में 27 से 29 दिसंबर तक रहेगा शुष्क दिवस

**मंदसौर/नाहरगढ।** दिनांक 26 दिसंबर 25/ कलेक्टर गर्ग ने जिले की ग्राम पंचायत के उप निर्वाचन को दृष्टिगत रखते हुए ग्राम पंचायत ईशाकपुर एवं मुण्डला की भौगोलिक सीमा से 5 कि.मी. की परिधि में स्थित कम्?पोजिट मदिरा दुकान को 27 दिसंबर को दोपहर 3 बजे से 29 दिसंबर 2025 को मतदान समाप्ति तक के लिए शुष्क दिवस घोषित किया है। इस अवधि में ग्राम ईशाकपुर एवं मुण्डला की सीमा से 5 किलोमीटर परिधी में मदिरा का अवैध रूप से निर्माण, परिवहन, भण्डारण एवं विक्रय पूर्णरूप से निषेधित रहेगा।

### गांधीसागर जलाशय की 10 क्विंटल अवैध सूखी मछली जब्त, दो आरोपी गिरफ्तार

**मंदसौर।** मंदसौर पुलिस ने प्रभावी कार्रवाई करते हुए गांधीसागर जलाशय से अवैध रूप से चोरी कर परिवहन की जा रही करीब 10 क्विंटल सूखी मछली जब्त की है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीणा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (गरोठ) हेमलता कुरिल तथा एसडीओपी सीतामऊ दिनेश प्रजापति के मार्गदर्शन में की गई। थाना प्रभारी सुवासरा अनिल रघुवंशी, थाना प्रभारी शामगढ़ कपिल सौराष्ट्रीय एवं चौकी प्रभारी चंदवासा उनि मनोज महाजन की संयुक्त टीम ने 26 दिसंबर की रात मुखबिर सूचना पर रणायरा-बापच्या कच्चे मार्ग पर नाकाबंदी कर एक बिना नंबर के ट्रैक्टर-ट्रॉली को रोका। जांच में ट्रॉली में टाट के कट्टों में भरी 10 क्विंटल अवैध सूखी मछली मिली, जिसकी कीमत करीब 5 लाख रुपये आंकी गई। पुलिस ने मौके से दिलीप सिंह सौंधिया राजपूत (25) निवासी सेमलिया गहलोत तथा दीवानसिंह बंजारा (27) निवासी बंजारों का खेड़ा, थाना गंगधार जिला झालावाड़ (राजस्थान) को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों ने मछली गांधीसागर जलाशय से चोरी कर सुखाना व अवैध परिवहन करना स्वीकार किया। आरोपियों के विरुद्ध थाना शामगढ़ में बीएनएस की धारा 303(2) एवं मत्स्य अधिनियम की धारा 5 के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना की जा रही है। पुलिस ने 10 क्विंटल सूखी मछली एवं करीब 6 लाख रुपये मूल्य का बिना नंबर महेन्द्रा ट्रैक्टर-ट्रॉली भी जब्त किया है।

### गंभीर अपराधों में संलिप्त 8 आर्म्स लाइसेंस धारकों पर कार्रवाई, लाइसेंस निलंबन/निरस्तीकरण प्रस्तावित

**मंदसौर।** जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने एवं अपराध पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से मंदसौर पुलिस ने सख्त कदम उठाते हुए गंभीर अपराधों में संलिप्त जिले के 6 थानों के 8 शस्त्र (आर्म्स) लाइसेंस धारकों के लाइसेंस निलंबन/निरस्तीकरण की कार्रवाई की है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीणा के निर्देशन में की गई। पुलिस द्वारा संबंधित प्रकरणों में प्रतिवेदन तैयार कर जिला दंडाधिकारी, मंदसौर को भेजे गए हैं, जिनमें शस्त्र लाइसेंस निलंबन अथवा निरस्तीकरण का प्रस्ताव किया गया है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि अपराध में लिप्त किसी भी व्यक्ति को शस्त्र रखने की अनुमति नहीं दी जाएगी। जिन आर्म्स लाइसेंस धारकों पर कार्रवाई प्रस्तावित की गई है, उनमें थाना सीतामऊ के राधेश्याम जाट एवं रामसिंह जाट, थाना गरोठ के नरेन्द्रसिंह, थाना दलौदा के अब्दुल मन्नान खां, थाना वायडीनगर के मंजर अहमद, थाना कोतवाली के अनवर तथा गोपाल सिंह राजावत और थाना नाहरगढ़ के बाबरू शामिल हैं। मंदसौर पुलिस ने बताया कि भविष्य में भी इस प्रकार की कार्रवाई निरंतर जारी रखी जाएगी, ताकि जिले में शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनी रहे।

### पांच रचनाकारों को इस वर्ष का डॉ. तिवारी स्मृति सम्मान

इंदौर. वरिष्ठ शिक्षक और लेखक डॉ. एस.एन. तिवारी की स्मृति में प्रति वर्ष दिया जाने वाला साहित्य सम्मान इस वर्ष (2025) पांच रचनाकारों को प्रदान किया जाएगा. डॉ. तिवारी स्मृति समिति की संरक्षक सुषमा दुबे और संयोजक मुकेश तिवारी ने बताया कि वरिष्ठ साहित्यकार सूर्यकांत नागर, वरिष्ठ आशु कवि प्रदीप नवीन, वरिष्ठ लेखिका अमिता मराठे, वरिष्ठ लघुकथाकार भुवनेश दशोत्तर और युवा व्यंग्यकार सारिका गुप्ता को यह सम्मान प्रदान करने का निर्णय लिया गया है. विचार प्रवाह साहित्य मंच के सहयोग से आयोजित होने वाले इस सम्मान समारोह का यह 8वां वर्ष है. मंच की महासचिव अर्चना मंडलोई और सचिव माधुरी व्यास ने बताया कि 27 दिसंबर को शाम 4 बजे इंदौर प्रेस क्लब के राजेंद्र माथुर सभागृह में आयोजित समारोह में पांचों रचनाकारों को सम्मान प्रदान किया जाएगा.

### स्पंदन कल्चरल ग्रुप ने दी गीतों की प्रस्तुति

**इंदौर.** स्पन्दन कल्चरल ग्रुप द्वारा डॉक्टर्स के लिए संगीत की प्रस्तुति दी गई. अवसर था वर्मा यूनियन हॉस्पिटल में बच्चों के नए आय.सी.यू. के औपचारिक शुभारंभ का. मौज-मस्ती, सुहावना मौसम, प्यार मोहब्बत, चांद सितारे परवानों पर आधारित 24 गानों की माला को सुधि श्रोताओं के लिए प्रस्तुत किया गया. युगल गीत जाने मान जाने मान तेरे दो नयन, क्या खूब लगती हो डॉ प्रशांत डॉ पूनम नेवालकर, हाल कैसा है जनाब का डॉ जितेंद्र बंसल, डॉ मून जैन, कजरा मोहब्बत वाला अंखियों में ऐसा डाला डॉ मून जैन, डॉ रुचि शाह जैसे युगल गीत हुए तो डॉ सुनंदा देवले ने आगे भी जाने ना तु, आइए मेहरबान, डॉ मनोज भटनागर ने ये शाम मस्तानी, प्यार दीवाना होता है, डॉ संजय भटनागर तुम अगर साथ देने का, दिल करता ओ यारा दिलदार, डॉ संजय लौंढे तुमसे अच्छा कौन है, डॉ मून जैन गली में आज चांद निकला, जाने जा ओ मेरी जाने जा, डॉ रुचि शाह ओ मेरे सोना रे सोना रे, पिया तुम अब तो आजा, डॉ जितेंद्र बंसल साँसों की जरूरत है जैसे, डा पूनम नेवालकर तेरे चेहरे से, जैसे गीत को भी संजोये गये. कार्यक्रम का संचालन डॉ संजय लौंढे ने किया. स्वागत डॉ. रचना वर्मा, अश्विनी वर्मा ने किया.

### ओला इलेक्ट्रिक ने लॉन्च किए हाइपर सर्विस सेंटर्स

**इंदौर.** ओला ने अपनी हाइपरसर्विस पहल को आगे बढ़ाते हुए, डेडिकेटेड हाइपरसर्विस सेंटर्स की शुरुआत की है. इन सेंटर्स के माध्यम से योग्य ग्राहकों को एक ही दिन में, यानि उसी दिन सर्विस की गारंटी दी जाएगी, वह भी बिना किसी अतिरिक्त खर्च के. इस पहल के तहत ओला अपने मौजूदा सर्विस सेंटर्स को धीरे-धीरे हाइपरसर्विस सेंटर्स में बदलेगा, जिसकी शुरुआत बेंगलुरु से हुई है. पहला हाइपरसर्विस सेंटर अब बेंगलुरु के इंदिरानगर में शुरू हो चुका है. हाइपरसर्विस सेंटर का उद्देश्य व्हीकल की सर्विस को आसान और तेज़ बनाना है. अब ग्राहक अपने व्हीकल की सर्विस एक ही दिन में करवा सकते हैं, वह भी बिना कोई अतिरिक्त पैसा दिए. पूरी सर्विस प्रक्रिया डिजिटल होगी, जिससे ग्राहकों को हर कदम पर स्पष्ट जानकारी और पारदर्शिता मिलेगी. ओला इलेक्ट्रिक के प्रवक्ता ने कहा चल रहे सर्विस अपग्रेड के तहत हम सर्विस के पूरे अनुभव पर नए सिरे से विचार कर रहे हैं. ओला व्हीकल का मालिकाना अनुभव सिर्फ गाड़ी तक सीमित नहीं है, सर्विस भी उसका अहम् हिस्सा है और इसमें भी उतना ही इनोवेशन होना चाहिए, जितना प्रोडक्ट में होता है.

# सब्जी मंडी में पॉलीथिन पर पूर्ण प्रतिबंध का निर्णय लिया

▸ पॉलीथिन मुक्त अभियान की शुरुआत





**गरोठ।** नगर परिषद गरोठ द्वारा स्वच्छता एवं पॉलीथिन प्रतिबंध को लेकर शुक्रवार 26 दिसंबर 2025 को प्रात: 10 बजे पुराना बस स्टैंड स्थित शहीद चौक सब्जी मंडी क्षेत्र में सब्जी मंडी एवं आसपास की दुकानों के व्यापारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर को स्वच्छ बनाए रखने तथा पॉलीथिन मुक्त अभियान को प्रभावी रूप से लागू करने को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

नगर परिषद अध्यक्ष राजेश सेठिया के नेतृत्व में आयोजित बैठक में व्यापारियों को पॉलीथिन के दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए इसके उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया गया। साथ ही दुकानों के आसपास नियमित साफ-सफाई रखने एवं कचरा निर्धारित स्थान पर ही डालने की समझाइश दी गई।

इसी क्रम में नगर के नए बस स्टैंड क्षेत्र में चाय दुकानदारों को हानिकारक डिस्पोजल उपयोग न करने को लेकर समझाया गया तथा नियमों के उल्लंघन पर चालानी कार्रवाई की जानकारी दी गई। नगर परिषद द्वारा जागरूकता के उद्देश्य से सभी दुकानदारों को गुलाब का फूल भेंट कर स्वच्छता बनाए रखने का आग्रह किया गया।

इस अवसर पर अध्यक्ष राजेश सेठिया, उपाध्यक्ष महेश मालवीय एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी गिरीश शर्मा ने संयुक्त रूप से व्यापारियों से नगर की स्वच्छता व्यवस्था में सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि पॉलीथिन एवं डिस्पोजल से पर्यावरण और स्वास्थ्य दोनों को नुकसान होता है, इसलिए सभी नागरिकों की सहभागिता से ही नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाया जा सकता है।

बैठक में सब्जी मंडी के समस्त व्यापारी, स्वच्छता प्रेरक सुरेश मालवीय, रामपाल नरवाल, ममता नरवाल सहित सफाई मित्र एवं नगर परिषद के कर्मचारी उपस्थित रहे। नगर परिषद द्वारा आगामी दिनों में पॉलीथिन व डिस्पोजल के विरुद्ध सतत अभियान चलाने की बात भी कही गई।



## नगर पालिका द्वारा चलाया सफाई अभियान

**भानपुरा।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 के अंतर्गत नगर परिषद भानपुरा द्वारा नगर की स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से विशेष सफाई अभियान चलाया गया। यह अभियान मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री जितेन्द्र सिंह राणा के मार्गदर्शन एवं नगर परिषद अध्यक्ष विनोद शिव भानपिया के निर्देशानुसार आयोजित किया गया।

अभियान के दौरान स्वच्छता प्रभारी दरोगा एवं नोडल अधिकारी अंतिम कालोशिया की निगरानी में स्वैपिंग मशीन के माध्यम से नगर की प्रमुख सड़कों की सफाई कराई गई, जिससे सड़कें स्वच्छ एवं धूल-मुक्त हुईं। नगर परिषद द्वारा किए गए इस प्रयास से नगर की स्वच्छता व्यवस्था को मजबूती मिली है।

नगर परिषद अधिकारियों ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य नगर को स्वच्छ, सुंदर बनाते हुए स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 के निर्धारित मानकों के अनुरूप तैयार करना है। इसके साथ ही नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का भी संदेश दिया गया।

नगर परिषद ने यह भी स्पष्ट किया कि भविष्य में ऐसे स्वच्छता अभियानों को नियमित रूप से जारी रखा जाएगा। इस अवसर पर इंजीनियर शिवानी परमार, स्वच्छता प्रभारी दरोगा/नोडल अधिकारी अंतिम कालोशिया तथा सहयोगी संस्था यूनिक वेस्ट मैनेजमेंट से सागर राठौर सहित नगर परिषद का अमला उपस्थित रहा।

## रेवास देवड़ा पहुँच मार्ग अब 'अटल पथ' के नाम से जाना जाएगा

**मन्दसौर।** भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर 'शून्य से शतक : एक शताब्दी अटल भारत की' कार्यक्रम के अंतर्गत मंदसौर नगर के रेवास देवड़ा मार्ग को उनके नाम समर्पित किया गया है।

नगर पालिका मंदसौर की अध्यक्ष रमादेवी बंशीलाल गुर्जर एवं परिषद मंदसौर के निर्णय अनुसार रेवास देवड़ा पहुँच मार्ग का नामकरण अब 'अटल पथ' किया गया है।

यह निर्णय अटल जी के राष्ट्र निर्माण में दिए गए अमूल्य योगदान के प्रति कृतज्ञता एवं सम्मान का प्रतीक है।

23 दिसंबर को नाम करण किया गया जिसकी जानकारी शासन को पत्र के माध्यम से भेज दी है। अटल जी के जन्म जयंती पर लिया गया यह निर्णय उनके राष्ट्र के प्रति समर्पण को सेवा एवं योगदान के प्रति श्रद्धा और सम्मान का प्रतिक है।

## सोनाग्राफी सुविधा तुरंत चालू की जाए, अन्यथा जिला चिकित्सालय के खिलाफ शिवसेना धरना प्रदर्शन करेंगी



**मंदसौर।** शिवसेना शिदें द्वारा जिला चिकित्सालय मे कई वर्षो से यह सुविधा बंद होने से गर्भवति महिलाएं एंव गरीब मरीजो को बड़ी परेशानीयां हो रही है, जिला प्रशासन को बार बार अवगत कराने के बाद भी नही सुना जा रही है जिसके विरोध मे कल शिवसेनिकों ने जिला मुख्यालय पर एक जुट होकर निजी सोनो ग्राफी सेंटरों को बंद कर जिला चिकित्सालय मे सोनोग्राफी सेंटर करनेकी मांग की गई। जिला चिकित्सालय मे यह सुविधान नही होने से गर्भवती महिलाओं को गंभीर परेशानी हो रही है, जिससे उन्हें समय पर जांच नहीं मिल पा रही है, और जिला चिकित्सालय के डॉक्टर भी पर्याप्त सुविधा न होने के कारण घर पर इलाज करने को मजबूर हैं, जो एक चिंताजनक स्थिति है क्योंकि सोनोग्राफी गर्भावस्था की निगरानी और शिशु के स्वास्थ्य के लिए बेहद ज़रूरी है, और इस समस्या के समाधान के लिए स्थानीय प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग को जल्द ही इस पर ध्यान देना चाहिए। शिवसेना महाराष्ट्र उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के राष्ट्रीय सचिव कैप्टन अभिजीत हरसुल केमार्गदर्षन मे शिवसेना मध्य प्रदेश प्रभारी सुरेश गुर्जर, मध्य प्रदेश संगठन प्रमुख थानेश्वर महावर, मध्य प्रदेश राज्य प्रमुख राजीव चतुर्वेदी, मध्य प्रदेश महासचिव जितेन्द्र चतुर्वेदी, उज्जैन संभाग संगठन प्रमुख अशोक शर्मा, संभाग प्रमुख शांतिलाल पाटीदार, मंदसौर जिला प्रमुख कमलेश राजगुरु, महिला जिला प्रमुख विद्युत लता गुप्ता, मंदसौर संगठन प्रमुख नरसिंह बैरागी, जिला प्रभारी राजेश गोस्वामी, जिला उपप्रुख मनोरमा जटीया, तहसील प्रमुख ज्योति सोनी, दलोदा तहसील प्रमुख ममता गोस्वामी, अवंती सुर्यवंशी, तुलसीबाई, कलावती चौहान द्वारा मंदसौर जिला अस्पताल में जो सोनोग्राफी की मशीन बंद पड़ी होने पर विरोध जताया और प्रशासन को चौताया गया की सेनाग्राफी सुविधा तुरंत चालु की जावे अन्यथा शिवसेना धरना प्रदर्शन करेगी। जिला चिकित्सालय मे सोनोग्राफी बंद होने के चलते गरीब वर्ग के लोगों को सोनोग्राफी करवाने प्राइवेट में जाना पड़ता है वह बड़ी राशि खर्च करना पड़ रही है।

## भाजपा ने 40 स्थानों पर विद्यार्थियों के बीच मनाया वीर बाल दिवस



**मंदसौर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल एवं संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा के निर्देशानुसार तथा भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी द्वारा मंदसौर जिले की चारों विधानसभाओं में 40 से अधिक शैक्षणिक संस्थानों में वीर बाल दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों, पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने विद्यार्थियों के मध्य पहुंचकर साहिबजादों के शौर्य, त्याग और बलिदान का स्मरण कराया।

संगठन की रचना के अनुसार विभिन्न विद्यालयों में कार्यक्रम आयोजित किए गए। इनमें सांदीपनि विद्यालय लदुना में सांसद सुधीर गुप्ता, सांदीपनि विद्यालय गुर्जरबर्डिया में राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर, सांदीपनि विद्यालय सबाखेड़ा में पूर्व विधायक सिसोदिया, सांदीपनि विद्यालय गरोठ में विधायक चंद्रसिंह सिसोदिया, सांदीपनि विद्यालय चंदवासा में विधायक हरदीप सिंह डंग, सांदीपनि विद्यालय भानपुरा में पूर्व विधायक देवीलाल धाकड़ सहित अनेक जनप्रतिनिधियों एवं भाजपा पदाधिकारियों ने सहभागिता की।

इसी क्रम में गरोठ, रेवास देवड़ा, नारायणगढ़, बालागंज, मंदसौर, डिगांव माली, दलोदा स्टेशन, सुवासरा, अफजलपुर, करजू, धमनार, पिपलिया कराड़िया, मल्हारगढ़, बेहपुर, झारड़ा, बालागुड़ा, पिपलिया स्टेशन, गांधी सागर, ढाबला माधोसिंह, बाबुल्दा, भैंसोदा, खड़ावदा, बोलिया, हतुनिया, शामगढ़, सीतामऊ, नाहरगढ़, बसई सहित जिले के विभिन्न शासकीय व अशासकीय विद्यालयों में कार्यक्रम आयोजित हुए।

कार्यक्रमों को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि वीर बाल दिवस पर हम साहिबजादे बाबा अजीत सिंह, बाबा जुझार सिंह, बाबा जोरावर सिंह एवं बाबा फतेह सिंह के अद्भुत साहस और सर्वोच्च बलिदान को नमन करते हैं। अल्पायु में उन्होंने अत्याचार के सामने झुकने के बजाय धर्म, सत्य और मानव गरिमा की रक्षा को चुना। उनका जीवन विद्यार्थियों को भय के स्थान पर साहस, स्वार्थ के स्थान पर सेवा और अन्याय के स्थान पर न्याय के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है।

वक्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस घोषित कर राष्ट्र ने साहिबजादों के बलिदान को स्थायी सम्मान प्रदान किया है। कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों में देशभक्ति, नैतिक मूल्यों और संस्कारों को सुदृढ़ करने का संदेश दिया गया।



## विमलादेवी जैन के निधन पर परिजनों ने लायंस के माध्यम से कराया नेत्रदान

**मन्दसौर।** दिगम्बर जैन समाज की वरिष्ठ श्राविका विमला देवी जैन के अरिहंतशरण (निधन) होने पर उनके परिजनों ने शोक की घड़ी में भी परोपकार का मार्ग चुना। परिजनों ने लायंस क्लब मन्दसौर के माध्यम से दिवंगत जैन का नेत्रदान कराकर समाज के सम्मुख एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है।

नेत्रदान की सूचना मिलते ही लायंस क्लब की टीम सक्रिय हुई। नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. किशोर शर्मा एवं डॉ. विक्रांत भावसार द्वारा पूरी कुशलता के साथ नेत्र उत्सर्जित (कलेक्ट) करने की प्रक्रिया संपन्न की गई। इस पुण्य कार्य में वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. एस. एम. जैन का विशेष सहयोग एवं मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

इस पुनीत कार्य पर लायंस क्लब के अध्यक्ष रत्नेश कुदार, सचिव विक्रांत भावसार, प्रोजेक्ट चेयरमैन विकास भंडारी एवं हेमंत मेहता ने दिवंगत आत्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। क्लब पदाधिकारियों ने शोक संतप्त परिजनों को इस साहसी और प्रेरणादायक निर्णय के लिए साधुवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि उनके इस कदम से दो व्यक्तियों के जीवन में नया प्रकाश आ सकेगा।

**एक नजर** — कलेक्टर ने की निर्माण कार्यो की प्रगति की समीक्षा

## सभी विभाग निर्माणाधीन कार्य मार्च अंत तक पूर्ण कराना सुनिश्चित करें : कलेक्टर

**नीमच। जिले के सभी निर्माण विभाग, निर्माणाधीन सभी निर्माण कार्यो को 31 मार्च तक पूर्ण करवाना सुनिश्चित करें। सभी जिला अधिकारी अपने विभाग के निर्माणाधीन भवनों का निरीक्षण कर ले और उनमें कोई कमी या आवश्यकता हो, तो कार्य पूर्ण होने से पूर्व ही पूरा करवाकर, आधिपत्य ले। यह निर्देश कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में विभिन्न निर्माण विभागों की समीक्षा बैठक में विभागवार कार्यवार निर्माण कार्यो की प्रगति की समीक्षा करते हुए दिए।**





बैठक में जिला पंचायत सीईओ अमन वैष्णव, वनमण्डलाधिकारी एस.के.अटोदे, परियोजना अधिकारी शहरी विकास पराग जैन व सभी निर्माण एजेन्सी विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर ने विभागवार निर्माण कार्यो की प्रगति की समीक्षा की और उनका निर्माण कार्य पूर्ण करने की डेटलाईन भी निर्धारित की। कलेक्टर ने आंगनवाडी केंद्र भवनों के 2024-25 व इससे पूर्व के भवन निर्माण कार्य पूर्ण नहीं करने वाली पंचायतों के पंचायत सचिवों को कारण बताओं सूचना पत्र जारी करने के निर्देश भी जिला पंचायत सीईओ को दिए। उन्होने आंगनवाडी केंद्र भवनों के निर्माण कार्य मार्च अंत तक पूर्ण करवाकर विभाग को आधिपत्य प्रदान करने और कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र जारी करने के निर्देश भी दिए।

कलेक्टर ने जल संसाधन विभाग के कार्यो की प्रगति की समीक्षा में रामपुरा, मनासा उद्‌हवन सिंचाई योजना के कार्य में निर्माण ऐजेन्सी द्वारा देरी करने पर पेनल्टी निर्धारित कर एक सप्ताह में प्रस्ताव भिजवाने के निर्देश भी जल संसाधन कार्यपालन यंत्री को दिए। कलेक्टर ने सेतु निर्माण विभाग के अधिकारी को निर्देश दिए कि वे हिंगोरिया ओव्हर ब्रीज निर्माण कार्य में देरी से कार्य प्रारंभ करने पर निर्माण एजेन्सी (ठेकेदार) पर सात दिवस में पेनल्टी के लिए प्रस्ताव तैयार कर भिजवाए। साथ ही अन्य निर्माण कार्यो में भी यदि किसी ठेकेदार निर्माण एजेन्सी द्वारा निर्माण कार्य देरी से प्रारंभ किया है और समय सीमा में कार्य नहीं करवाया जा रहा है, तो उनके विरूद्ध भी पेनल्टी का प्रस्ताव तैयार कर भिजवाने के निर्देश दिए गये।

बैठक में सांसद निधि, विधायक निधि, डी.एम.एफ.मद से स्वीकृत, निर्माणाधीन प्रगतिरत एवं पूर्ण कार्यो की भी कार्यवार समीक्षा की गई। साथ ही वनमण्डलाधिकारी के साथ वन अनुमति के अभाव में लंबित कार्यो के बारे में कार्यवार चर्चा कर, आवश्यक कार्यवाही पूर्ण कर वन अनुमति जारी करवाकर कार्य प्रारंभ करने के संबंध में भी कार्यवार समीक्षा की गई। कलेक्टर ने वन भूमि के बदले परलाई में वन विभाग को आवंटित की गई जमीन का कब्जा मौके पर दिलाने के निर्देश भी एसडीएम जावद को दिए।